प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
27.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- भारत व यूरोपीय संघ ने प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते के लिए आधिकारिक स्तर की बातचीत की पूरी—प्रधानमंत्री की मौजूदगी में आज होगी घोषणा।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जलवायु परिवर्तन की दुष्वारियों से निपटने की जताई राज्य सरकार की प्रतिबद्धता।
- गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज्यपाल के आवास लोक भवन में बीती शाम ऐट होम का आयोजन—मुख्य न्यायाधीश सहित कई गणमान्य लोग रहे मौजूद।
- प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर बदली करवट—ऊंची चोटियों पर देर रात से रूक—रूक कर हिमपात जारी।

प्रधानमंत्री

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा है कि भारत और यूरोपीय संघ ने प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते के लिए आधिकारिक स्तर की बातचीत पूरी कर ली है। जिसकी घोषणा आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मेजबानी में होने वाले भारत—यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन के दौरान की जाएगी। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ शिखर वार्ता भी करेंगे। अग्रवाल ने कहा कि यह समझौता संतुलित और दूरदर्शी है, जो दोनों पक्षों के बीच आर्थिक एकीकरण को मजबूत करेगा और व्यापार तथा निवेश को नई गति देगा। इस समझौते से कपड़ा, रसायन, रत्न व आभूषण, विद्युत मशीनरी, चमड़ा और जूते जैसे श्रम—प्रधान क्षेत्रों के कई भारतीय उत्पादों को शुल्क मुक्त पहुंच मिलने की संभावना है।

भारत पर्व

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने नई दिल्ली के लाल किले में छह दिवसीय राष्ट्रीय संस्कृति और पर्यटन महोत्सव भारत पर्व 2026 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर ओम बिरला ने कहा कि यह महोत्सव भारत की सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करने का मंच प्रदान करेगा।

इस अवसर पर संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि इस महोत्सव के माध्यम से लोगों को देश की परंपराओं, लोक कलाओं, शिल्पकलाओं, व्यंजनों और पर्यटन स्थलों की गहरी समझ प्राप्त होगी, जिससे राष्ट्र की विरासत के साथ लोगों का जुड़ाव भी मजबूत होगा। इस आयोजन में 34 राज्य पर्यटन मण्डप, 24 केंद्रीय मंत्रालयों के स्टॉल और देशभर के प्रमुख संस्थान और संगठन भाग ले रहे हैं।

जलवायु परिवर्तन

प्रदेश में लगभग एक महीना देरी से हुई बर्फबारी को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह ने जलवायु परिवर्तन का असर बताया है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश सरकार जलवायु परिवर्तन की दुश्वारियां से निपट रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बदलाव के चलते प्रदेश में पिछले 3 सालों से लगातार प्राकृतिक आपदाएं आ रही है। हालांकि उन्होंने इस बर्फबारी को किसानों व बागवानों के लिए फायदेमंद भी बताया है।

वहीं लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बागवानों व किसानों के चेहरों पर आई खुशी पर प्रसन्नता जताते हुए आश्वासन दिया कि सरकार जनता के साथ खड़ी है और जल्द ही सभी सड़कें खोल दी जाएंगी।

वहीं दूसरी ओर विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने इस बर्फबारी को किसानों व बागवानों के लिए फायदेमंद बताते हुए प्रदेश में जल स्रोतों के पुर्नभरण के लिए और बर्फबारी की आवश्यकता जताई है।

लोक भवन–'एट होम' कार्यक्रम

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर कल शाम लोक भवन में 'एट होम' कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया, पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर और न्यायमूर्ति जिया लाल भारद्वाज, विधायक मोहन लाल ब्राक्टा, नगर निगम शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान, उपमहापौर उमा कौशल, पार्षद, मुख्य सचिव संजय गुप्ता, पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी, अतिरिक्त मुख्य सचिव कमलेश कुमार पंत, मुख्य निर्वाचन अधिकारी नंदिता गुप्ता, राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, स्वतंत्रता सेनानी और अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

बर्फबारी

प्रदेश में भारी बर्फबारी के बाद दो दिन खामोश रहने के उपरांत अब मौसम ने एक बार फिर करवट बदली है और बीती रात से प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी शुरू हुई है। लाहौल स्पीति में देर रात से ही रूक–रूक कर बर्फबारी हो रही है जो अभी भी जारी है और इलाके में अब तक करीब 3 इंच बर्फ पड़ चुकी है। किन्नौर में भी बर्फबारी शुरू हो गई है और पर्यटन स्थल कल्पा में लगभग एक इंच ताजा हिमपात हुआ है। चंबा में बारिश हो रही है जबकि धर्मशाला और राजधानी शिमला में बादल छाए हैं। कुल्लू ज़िला की ऊंची चोटियों पर बीती रात हल्का हिमपात हुआ जबकि निचले इलाकों में बारिश हुई है। हमारे कुल्लू संवाददाता ने बताया कि बारिश व बर्फबारी की संभावना को ध्यान में रखते हुए कुल्लू जिला के मनाली व बंजार उपमंडल के सभी शिक्षण संस्थान आज बंद रहेंगे।

मौसम विज्ञान केंद्र ने आज किन्नौर, लाहौल स्पीति, चंबा और कुल्लू में भारी हिमपात का ऑरेंज अर्लट जबकि कांगड़ा, शिमला, मंडी, सिरमौर और सोलन में बारिश का यलो अर्लट जारी किया है।

''अंत में मुख्य समाचार''

- भारत व यूरोपीय संघ ने प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते के लिए आधिकारिक स्तर की बातचीत की पूरी–प्रधानमंत्री की मौजूदगी में आज होगी घोषणा।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जलवायु परिवर्तन की दुष्वारियों से निपटने की जताई राज्य सरकार की प्रतिबद्धता।
- गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज्यपाल के आवास लोक भवन में बीती शाम ऐट होम का आयोजन–मुख्य न्यायाधीश सहित कई गणमान्य लोग रहे मौजूद।

और

- प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर बदली करवट–ऊंची चोटियों पर देर रात से रूक–रूक कर हिमपात जारी।

———————————